एक नजर में

वेंडी स्कूल जूनियर कॉलेज में भारतीय सैनिकों के साथ रक्षाबंधन के उत्सव का आयोजन

ग्वालियर 8 अगस्त. आज वेंडी रकूल जूनियर कॉलेज में रक्षाबंधन पर्व का भव्य आयोजन किया गया। रक्षाबंधन के पावन अवरार पर वेंडी स्कूल के विद्यार्थियों ने देश की रक्षा में लगे हमारे वीर सैनिकों के साथ यह पर्व मनाकर एक अनोखी मिसाल पेश की। राभी का स्वागत फूल-मालाओं और बैण्ड पर बजते देशभक्ति गीतों के साथ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत रवागत गीत से हुई। च्रांदेशे आते हैंज देशभक्ति भावों से ओतप्रोत नृत्य नाटिका के प्रस्तुतीकरण ने राभी को भावविभोर कर दिया। इसके बाद, हिन्दू परंपरा के अनुसार बहनों ने सैनिक भाइयों की कलाई पर रक्षा-सूत्र बांधा और उनके चिरंजीवी रहने की कामना की। सेना के जवानों ने भी छात्राओं को उपहार भेंट किए और उनकी रक्षा करने का वचन दिया। छोटे-छोटे हाथों से सजी रंग-बिरंगी राखियाँ, रौनिकों के मजबूत हाथों पर राजकर गर्व और भावनाओं से भर गईं, बच्चों की मासूम मुस्कान और सैनिकों की आँखों में चमक, इस मिलन को यादगार बना गई। कार्यक्रम के दौरान सैनिकों ने भी बच्चों को अपने अनुभव सुनाए और बताया कि कैसे देश की रक्षा करना उनके लिए सबसे बड़ा कर्तव्य है। विद्यार्थियों को एक अच्छा नागरिक बनने का संदेश दिया और कहा कि अधिक से अधिक विद्यार्थी शिक्षित होकर भारतीय सेना में शामिल हों। विद्यालय की प्राचार्या ने कहा, इस तरह के कार्यक्रम बच्चों में देशभक्ति की भावना और सैनिकों के प्रति सम्मान को बढ़ाते हैं। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्या ने स्मृति-चिन्ह स्वरूप गणपति जी की मूर्ति एवं उपहार प्रदान कर आभार व्यक्त किया।

ए.एम.आई. शिशु मंदिर में डिबेट प्रतियोगिता आयोजित

ग्वालियर 8 अगस्त. ए.एम.आई. शिशु मंदिर में 10वां माधव मेमोरियल इंटर स्कुल डिबेट प्रतियोगिता शुकवार को सम्पन्न हुई जिरामे ग्वालियर के 16 रकूलों ने भाग लिया। वाद विवाद प्रतियोगिता दो चरणों में राम्पन्न हुई। प्रथम चरण में विषय था-च्बढ़ते हुए वैश्विक तनाव एवं तीसरे विश्व युद्ध के खतरे के बीच, युद्ध व युद्ध में प्रयोग किये जाने वाले आधुनिक हथियार रक्षा व कूटनीति के लिये सही साबित होंगे? इस विषय पर लिटिल एंजिल, ए. एम.आई. शिशु मंदिर, सेवन आई वर्ल्ड, सिंधिया फोर्ट, एमिटी इन्टर नेशनल, वुड स्टॉक स्कूल, बिरला ओपन माइन्ड्स, मिस हिल स्कूल के छात्र-छात्राओं ने अपने विचार बहुत ही सटीक तरीके से रिसर्च एवं आत्मविश्वास के साथ प्रस्तुत किये। हर स्कूल से एक छात्र ने विषय के पक्ष में दूसरे ने विषय के विपक्ष में अपने विचार रखे। कार्यकम मे निर्णाक क रूप में निकेश शर्मा, प्राचार्या विद्या भवन्स स्कूल एवं सुश्री मधुमिता दास उपस्थित रही। प्रथम विषय में सर्वश्रेष्ठ वक्ता- परम लखवानी रहे एवं सर्वश्रेष्ठ स्कूल का पुरस्कारज लिटिल एंजेल्स स्कूलज को मिला। दूसरे विषय में सर्वश्रेष्ठ वक्ता च्अपुर्वा दर रही एवं सर्वश्रेष्ठ स्कूल का पुरस्कार कार्मल कॉन्वेन्ट स्कूल को मिला। ए.एम.आई. की प्राचार्या ने सभी अतिथियों का आभार माना एवं सभी को स्मृति चिन्ह भेंट किए। कार्यक्रम में संपूर्णता प्रदान करते हुए डायरेक्टर श्रीमती वीणा सिहं ने कहा कि हमारे बच्चों को अपनें आप को इतना शिक्षित कर लेना चाहिए कि हम सही और गलत का भेद कर सकें।

पार्क में शराब बेच रहा था आरोपी, पुलिस ने पकड़ा

ग्वालियर। लाइन न0-1 के पार्क में शराब बेच रहे शराब तस्कर को पकड़कर पुलिस ने उससे अवैध देशी शराब के 349 क्वार्टर जप्त किये । पुलिस को सूचना प्राप्त हुई थी कि एक व्यक्ति लाईन नं. 1 के पार्क में प्लास्टिक की बोरी में शराब लेकर बेच रहा है, कुछ देर पहले ही उसे दो व्यक्ति एक बडा सूटकेश देकर गये हैं, जिसमें अवैध शराब भरी हुई है। पुलिस ने जाकर देखा तो बताये हुलिया का एक व्यक्ति प्लास्टिक के कट्टे से देशी प्लेन शराब के क्वाटर बेचते हुए दिखा, जिसने पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किया, परन्तु पुलिस द्वारा उसे घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। पकड़े गये व्यक्ति से नाम पता पूछने पर उसने स्वयं को न्यू रेशम मील कुटी मंदिर के पास हजीरा ग्वालियर का होना बताया। पकड़े गये व्यक्ति के पास रखी प्लास्टिक की बोरी को चेक किया तो उसमे कुल 69 देशी मदिरा प्लेन के क्वाटर रखे हुए मिले तथा पास ही रखे सूटकेश को खोलकर चेक किया तो कुल 280 देशी मदिरा प्लेन के क्वाटर रखे मिले। पकड़े गये आरोपी से उक्त शराब के संबंध में गहनता से पूछताछ की गई तो उसने राजवीर एंव कल्लू नाई द्वारा उसे 500 रूपये प्रति पेटी के कमीशन पर बेचने के लिए देना बताया।

सावन महोत्सव मेले में रक्षाबंधन पर 15 साल तक की बहनों को फ्री एन्ट्री

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 8 अगस्त. शहर में लोगों के मनोरंजन व सावन के महीने में मनपसंद खरीददारी के लिए जंगल बुक थीम कार्नीवल की तर्ज पर सावन महोत्सव मेले का आयोजन किया गया है। फूलबाग बड़ा ग्राउंड, ग्वालियर में चल रहे जंगल बुक थीम कार्नीवल - सावन महोत्सव मेले में रक्षाबंधन पर 15 वर्ष तक की वहनों को निशुल्क एन्ट्री दी जायेगी। इसके साथ ही 50 रुपये के टिकट पर बच्चों का 50 रुपये वाला झूला भी फ्री रहेगा। कार्नीवल में हैण्डलूम स्टॉल, हैण्डीक्राफ्ट स्टॉल, एफएमसीजी प्रोडक्ट्स, शॉपिंग जोन के साथ मनोरंजन के दर्जनों स्टॉल लगाए गए हैं। जंगल बुक, भूत बंगला, बच्चों की राइड्स बच्चों का भरपूर मनोरंजन करेंगी। सेल्फी पॉइंट और फूड जोन कार्नीवल का विशेष आकर्षण हैं। आयोजन स्थल फूलबाग बड़ा ग्राउंड को आकर्षक रंगबिरंगी सतरंगी रोशनी से सजाया गया है।

आंतरी में मिले दो चिकित्सक अनुपस्थित भितरवार में मिला पूरा स्टाफ

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 8 अगस्त. क्षेत्रीय सचालक ग्वालियर डॉ नीलम सक्सेना, संयुक्त संचाल डॉक्टर बी.एस .सेटिया और विजय सिंह द्वारा आंतरी, डबरा, भितरवार का औचक निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान आंतरी मे

आर.डी. डॉ नीलम सक्सेना ने किया निरीक्षण

इंचार्ज डॉक्टर आस्था जग्गी एवंडॉ भदौरिया अनुपस्थित मिले जिस पर क्षेत्रीय सचालक द्वारा नाराजगी व्यक्त की वहीं डॉ. अनीता अग्रवाल 10ः30 बजे आईं आंतरी भ्रमण के दौरान स्टोर मे दवाइयां व्यवस्थित नहीं पाई गईं, वैक्सीन स्टोर में रजिस्टर मेंटेन नहीं मिला, स्टाफ के बहुत से कर्मचारी सुबह 10ः30 के बाद अस्पताल आए ।इसके बाद क्षेत्रीय सचालक अपनी टीम के साथ सिविल अस्पताल डबरा पहुंची

जहां उन्होंने डायलिसिस , एनबीएसयू, मैटरनिटी वार्ड, पीएनसी वार्ड एवं वैक्सीन स्टोर का कार्य देखा गया जो संतोष जनक पाया गया। डबरा में अभी तक 3 मरीजों डेंगू पॉजिटिव पाए गए हाल ही में एक डेंगू पॉजिटिव मरीज पाया गया जिसके घर स्प्रे कार्य कर दिया गया है। मरीज ठीक है ।इसके बाद व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भितरवार पहुंचे जहां उन्हें वैक्सीन स्टोर पुराने बिल्डिंग में है इसके लिए नई बिल्डिंग हेतु प्रपोजल भेजने के निर्देश दिए । डिजिटल एक्स-रे मशीन के लिए भी जगह चिन्हित करने के निर्देश सीएमएचओ को दिए , यहां सभी स्टाफ उपस्थित मिला, डेंगू के मरीज जनवरी से अभी तक 8 मरीज पॉजीटिव पाए गए। 30 जुलाई को 3 मरीजों डेंगू पॉजिटिव पाए गए सभी जगह स्प्रे कार्य किया गया। सभी मरीज ठीक हैं।

बड़ी शाला में होगा श्रावणी उपाकर्म

ग्वालियर 8 अगस्त. सिद्धपीठ श्री गंगा दास की बड़ी शाला में पूरन बैराठी स्वामी रामसेवक दास महाराज के सानिध्य में एवं रामस्वरूप शास्त्री महाराज की अध्यक्षता में आचार्य राम नरेश उपाध्याय के द्वारा सम्पन्न कराया जायगा। श्रावणी उपाकर्म वेदिक परम्परा का पालन करने वालों का प्रमुख पर्व माना गया है ओर श्रावण पूर्णिमा को यह पर्व मनाया जाता है वेदिक परम्परा को निभाते हुए यह पर्व बड़ी शाला में विगत कई वर्षों से मनाया जाता है। जिस में शहर के कई वेदिक ब्राह्मण एकत्रित होंगे ओर पूरे विधि विधान से वेद मंत्रो के उच्चारण के साथ गो मूत्र गोमय गो घृत पंच गव्य एवं संकल्प विधि के साथ यह पर्व मनाया जायगा ओर ऋषि पूजन हवन आदि किया जायगा इस के लिए पूरन बैराठी स्वामी रामसेवक दास जी महाराज ने बताया की श्रावणी उपाकर्म की तैयारी पूर्ण कर ली गई है ओर कल सभी विद्वत लोगों के साथ यह पर्व बड़ी धूम धाम से मनाया जायगा.

शराब व्यवसायी के मुनीम के साथ हुई सनसनीखेज का खुलासा

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 8 अगस्त.शराब व्यवसायी के मुनीम के साथ हुई 29.50 लाख रूपये लूट की घटना में शामिल तीन आरोपी व घटना के षड्यंत्र में शामिल एक अन्य आरोपी को पुलिस ने हिरासत में ले लिया हैं। पकड़े गये आरोपियों से घटना में उपयोग की गई एक मोटरसाइकल व टोयोटा ग्लैंजा कार तथा लूटे गई रकम में से 20 लाख रूपये से अधिक की रकम को भी जप्त किया गया है।

कोटेश्वर-चंदननगर रोड क्षेत्र में 6 अगस्त 2025 को शराब कारेबारी लक्ष्मण शिवहरे के मुनीम आशाराम कुशवाह के साथ बैंक में 29 लाख 50 हजार रूपये जमा कराने जाते समय हुई लूट की रिपोर्ट पर थाना बहोडापुर में तीन अज्ञात बाइक सवार आरोपियों के विरूद्ध लूट का अपराध पंजीबद्ध किया गया था।

घटना अत्यंत ही गंभीर एवं सनसनीखेज थी, जिसकी मॉनिटरिंग लगातार पुलिस महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक ग्वालियर जोन द्वारा की जा रही थी। पुलिस टीमों का गठन कर एक विशेष ऑपरेशन स्विफ्ट 48 संचालित किया गया था।

आरोपियों की ऐसे हुई शिनाख्त- सीसीटीव्ही सर्विलेंस के आधार पर यह जानकारी मिली कि घटना में जो तीन व्यक्ति मोटरसाइकल से घटनास्थल पर देखे गये थे वे आरोपी मोटरसाइकल से मुरैना की तरफ जाने वाली बस में फरार हुए हैं। टेकरी के आसपास उनकी गतिविधियां संज्ञान में आई पुलिस की टीमों द्वारा रातभर उनकी घेराबंदी की गई। सीसीटीव्ही फुटेज से प्राप्त संदिग्धों का फोटो पुलिस द्वारा आसपास के जिलों में तथा मुखबिरों को प्रसारित करने पर स्पष्ट हुआ कि घटनास्थल पर जो व्यक्ति मोटरसाइकल चला रहा था वह व्यक्ति दीपक कुशवाह नि. ग्राम करूआ थाना नूराबाद जिला

मुरैना तथा बीच में बैठा व्यक्ति विकास गुर्जर उर्फ विकास विधूडी ग्राम करूआ थाना नूराबाद क्षेत्र का रहने वाला था तथा पीछे बैठा व्यक्ति विजय कंषाना उर्फ पपला ग्राम करूआ थाना नूराबाद एवं टेकरी पर मौजूद टोयोटा ग्लैंजा कार से आरोपियों को भगाकर ले जाने वाले की राहुल गुर्जर के रूप में शिनाख्त की गई। पुलिस द्वारा शराब व्यवसायी के यहां अलग-अलग समय में कार्य करने वाले कर्मचारियों के बारे में सघन जॉच कराई गई तब जानकारी मिली कि शराब व्यवसायी के घर के पास रहने वाला शिवम कुशवाह युवक जिसने शराब की दुकान पर पहले काम किया था, और संदिग्ध अचारण के कारण नौकरी से हटाया गया था, वह भी इस घटना में प्रमुख षडयंत्रकारी के रूप में शामिल है। पुलिस द्वारा उक्त आरोपी से पूछताछ करने पर उसके द्वारा उक्त लूट की घटना का षड्यंत्र करने व आरोपीगणों के नाम, छिपने के संभावित स्थानों की जानकारी पुलिस को दी गई। पुलिस ने सूचना पर टीमों को रवाना करके घटना में शामिल आरोपीगणों को पकड़ने के लिए दबिस दी जिसमें आरोपी दीपक कुशवाह, विजय गुर्जर(कंषाना) उर्फ पपला एवं राहुल घुरैया को टोयोटा ग्लैंजा कार सहित गिरफ्तार किया गया। आरोपीगणों द्वारा लूट के पैसे का आपस में बंटवारा होना बताया और अपने-अपने हिस्से की राशि अपने निवास स्थान ग्राम करूआ से बरामद कराई गई। उक्त लूट की घटना में शामिल अन्य आरोपीगणों की गिरफ्तार होना शेष है।

पुलिस टीम में यह रहे शामिल

गठित पुलिस टीमों का नेतृत्व अति. पुलिस अधीक्षक ग्वालियर कृष्ण लालचंदानी द्वारा किया जा रहा था, इन टीमों को अलग-अलग दायित्व दिये गये, सीएसपी नागेंद्र सिकरवार, कृष्णपाल सिंह, मनीष यादव, शेखर दुबे, थाना प्रभारी जितेंद्र तोमर, डॉ. संतोष यादव, अमित शर्मा, मिर्जा आसिफ बेग, उप निरी. महावीर सिंह, देवेन्द्र लोधी, शिवम राजावत, मनोज परमार, रमाकांत उपाध्याय, रजनी रघुवंशी, विश्वीर जाट एवं समस्त टीम इस विशेष अभियान में जुड़ी थी।

सिंगल क्लिक के माध्यम से अति प्रभावित हितग्राहियों को प्रदान की सहायता राशि

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 8 अगस्त. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश सरकार संकट की घड़ी में बाढ़ प्रभावित परिवारों के साथ है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शुक्रवार को भोपाल से प्रदेश के बाढ़ प्रभावितों के खातों में 30 करोड़ रूपए की राशि का सिंगल क्लिक के जरिए अंतरित कर प्रभावितों से चर्चा की। ग्वालियर एवं चंबल संभाग के कुल 11 हजार 360 हितग्राहियों के खातों में 6 करोड़ 95 लाख 55 हजार रूपए से अधिक की राशि स्थानांतरित की।

ग्वालियर एवं चंबल संभाग के बाढ़ प्रभावित हितग्राहियों के खाते में राहत राशि स्थानांतरण के लिये

आयोजित ऑनलाइन कार्यक्रम में ग्वालियर संभाग आयुक्त कार्यालय के सभाकक्ष में संभागीय आयुक्त श्री मनोज खत्री, कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान सहित भाजपा जिला अध्यक्ष श्री जयप्रकाश राजौरिया, जनप्रतिनिधि सर्वश्री दीपक शर्मा, विनोद शर्मा, राजू पलैया, विनय जैन और विभागीय अधिकारी सहित बाढ़ प्रभावित हितग्राही उपस्थित थे।

ग्वालियर-चंबल संभाग में अति वर्षा के कारण प्रभावित हुए हितग्राहियों के खाते में राशि स्थानांतरित की गई है। ग्वालियर संभाग के ग्वालियर जिले में 64 हितग्राहियों के खातों में लगभग 29 लाख 56 हजार रूपए, शिवपुरी जिले में 1209 हितग्राहियों के खाते में लगभग एक करोड़ 60 लाख 88 हजार रूपए, गुना जिले में 6028 हितग्राहियों के खाते में 3 करोड़ 58 हजार 800 रूपए, दतिया जिले में 263 हितग्राहियों के खातों में 24 लाख 94 हजार 500 रूपए एवं अशोकनगर जिले में 1649 हितग्राहियों के बैंक खातों में 8 करोड़ 50 लाख 4 हजार 800 रूपए की राशि अंतरित की गई है।

इसी प्रकार चंबल संभाग के मुरैना जिले में 2098 हितग्राहियों के खातों में 39 लाख 12 हजार 600 रूपए, भिण्ड जिले में 34 हितग्राहियों के खाते में 29 लाख 75 हजार 500 रुपए एवं श्योपुर जिले में 15 हितग्राहियों के बैंक खातों में 25 लाख 64 हजार 700 रूपए की राशि अंतरित की गई है।

कट्टा सहित बदमाश पकड़ा

ग्वालियर 8 अगस्त. वारदात करने की नियत से खड़े एक बदमाश को पुलिस ने पकड़कर आरोपी से एक 315 बोर का देशी कट्टा, 2 जिन्दा राउण्ड जप्त किया हैं। पुलिस को सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति मऊ जमाहर पुल के पास अवैध हथियार लिए कोई वारदात करने की नियत से खडा है। थाना प्रभारी हजीरा निरी शिवमंगल सिंह सेंगर के द्वारा थाना बल की टीम को बताये स्थान पर रवाना किया गया। पुलिस टीम ने जाकर देखा तो मुखबिर के बताये हुलिया का एक संदिग्ध व्यक्ति पुल के नीचे खड़ा दिखाई दिया, जिसने पुलिस टीम को अपनी ओर आता देखकर भागने का प्रयास किया, जिसे पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर पकड़ लिया । पकड़े गये संदिग्ध से नाम पता पूछने पर उसने स्वयं को अम्बेडकर कॉलोनी डबरा ग्वालियर का होना बताया। पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये संदिग्ध के हाथ में लिए प्लास्टिक की थैली को चेक किया तो उसमें एक 315 बोर का देशी कट्टा रखा हुआ मिला एवं संदिग्ध की तलाशी लेने पर उसकी

स्तनपान केवल शिशु के लिए पोषण का एक माध्यम नहीं, बल्कि जीवन की नींव है : डा. रश्मि

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 8 अगस्त. आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर के स्कूल ऑफनर्सिंग साइंस विभाग द्वारा विश्व स्तनपान सप्ताह का आयोजन किया गया। 'अनफ्रेल्ड द ब्रेस्टफीडिंग, प्रमोट, सपोर्ट' थीम पर विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। जहां मुख्य अतिथि के रूप में गजराराजे मेडिकल कॉलेज के प्रोफेसर डॉ. घनश्याम दास, हजीरा सिविल हॉस्पिटल में पदस्थ डॉ. रश्मि मिश्रा शामिल हुईं। इस अवसर पर स्कूल ऑफनर्सिंग साइंस की डीन डॉ. मिनी अनिल, डॉ. इंदु मजूमदार, डॉ. पूनम ठाकुर, डॉ. अंशुल, डॉ. अंजना माले, डॉ. राकेश ढाका, डॉ. सुधा रानी, प्रोफेसर के. सरोजिनी, एसोसिएट प्रोफेसर अंबाली पंचोली, असिस्टेंट प्रोफेसर निर्देश सिकरवार सहित प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर, असिस्टेंट प्रोफेसर सहित बड़ी संख्या में जीएनएम और नर्सिंग के छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

कार्यशाला में शामिल हुईं सिविल अस्पताल हजीरा

ग्वालियर से डॉ. रश्मि मिश्रा ने स्तनपान के विषय पर अत्यंत उपयोगी, वैज्ञानिक और सामाजिक दृष्टिकोण से परिपूर्ण मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने कहा कि स्तनपान केवल शिशु के लिए पोषण का एक माध्यम नहीं, बल्कि जीवन की नींव है। इससे न केवल शिशु को आवश्यक पोषक तत्व, रोग प्रतिरोधक क्षमता, मानसिक और भावनात्मक स्थिरता मिलती है, बल्कि यह मां और बच्चे के बीच सशक्त भावनात्मक संबंध को भी सुदृढ़ करता है। उन्होंने माताओं को बताया कि स्तनपान से अनेक स्वास्थ्य लाभ मिलते हैं, जैसे प्रसव के बाद वजन संतुलन, गर्भाशय का सामान्य आकार में आना, स्तन कैंसर की संभावना में कमी आदि।

डॉ. मिनी अनिल ने स्वागत भाषण दिया। उन्होंने स्तनपान के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक लाभों को रेखांकित किया और बताया कि मां और बच्चे के स्वास्थ्य के लिए स्तनपान बहुत ही आवश्यक है। उन्होंने कहा कि कई बार माताएं शिशुओं को स्तनपान नहीं कराती हैं, ऐसी स्थिति में स्तन में गांठें बन जाती हैं जो धीरे-धीरे ब्रेस्ट कैंसर का रूप ले लेती हैं। इसलिए शिशुओं और स्वयं को स्वस्थ रखने के लिए स्तनपान जरूरी है।

स्तनपान सप्ताह के तहत विभिन्न जागरूकता गतिविधियों और प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। सप्ताह के दौरान बीएससी नर्सिंग एवं जीएनएम छात्र-छात्राओं ने स्थानीय ग्रामीण और शहरी समुदायों में भ्रमण कर स्तनपान से संबंधित सर्वेक्षण किए। इन सर्वेक्षणों में यह मूल्यांकन किया गया कि समाज में स्तनपान को लेकर क्या-क्या मिथक प्रचलित हैं, माताओं को क्या चुनौतियां आती हैं, और उन्हें स्वास्थ्य सेवाएं कितनी सुलभ हैं। स्तनपान सप्ताह के तहत छात्र-छात्राओं के लिए विभिन्न रचनात्मक प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। जिसके अंतर्गत पेंटिंग प्रतियोगिता में स्तनपान के लाभों को चित्रों के माध्यम से दर्शाया गया। रंगोली प्रतियोगिता में मातृत्व और पोषण से जुड़े भावों को रंगों में उकेरा गया इसके अलावा प्रसव के बाद माताओं को स्वस्थ रहने के लिए योगा और एक्सरसाइज करने के तरीके

मां का दूध शिशु के लिए सर्वोत्तम : डॉ. घनश्याम दास

कार्यशाला में शामिल हुए गजराराजे मेडिकल कॉलेज के प्रोफेसर डॉ. घनश्याम दास ने स्तनपान के जैविक, मानसिक और भविष्य संबंधी प्रभावों पर जोर देते हुए बेहद उपयोगी जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि मां का दूध शिशु के लिए सर्वोत्तम, संपूर्ण और अनुकूल आहार है। यह न केवल शिशु के लिए पूर्ण पोषण प्रदान करता है, बल्कि उसके रोग प्रतिरोधक तंत्र (इम्युनिटी) को भी मजबूत बनाता है। उन्होंने कहा कि बाजार में उपलब्ध बाहर का दूध चाहे कितना भी महंगा या प्रोसेस्ड क्यों न हो, वह मां के दूध का विकल्प नहीं हो सकता। मां के दूध में प्राकृतिक एंटीबॉडीज, एंज़ाइम्स और पोषक तत्व होते हैं जो बच्चे को बीमारियों से लड़ने की शक्ति देते हैं और ब्रेन डेवेलपमेंट (मस्तिष्क विकास) को भी बेहतर बनाते हैं। डॉ. दास ने विशेष रूप से प्रसव के बाद की शुरुआती अवस्था पर प्रकाश डाला, जब कई माताएं यह सोचकर घबरा जाती हैं कि दूध नहीं आ रहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रसव के बाद पहले 14 से 15 दिन तक दूध की मात्रा कम हो सकती है, लेकिन यह एक सामान्य प्रक्रिया है। इस दौरान घबराना नहीं चाहिए। मां को धैर्य रखना चाहिए और शिशु को बार-बार स्तनपान कराते रहना चाहिए, जिससे शरीर स्वाभाविक रूप से दूध उत्पादन को बढ़ाता है।

शिव महापुराण कथा का आयोजन 11 से 17 अगस्त तक

ग्वालियर.ग्वालियर चंबल-संभाग का अति प्राचीनतम भगवान शिव का मंदिर धूमेश्वर धाम जो जिले की भितरवार तहसील के ग्राम पंवाया में स्थित है प्रदेश भर में प्रसिद्ध है, धूमेश्वर धाम के महामंडलेश्वर श्री श्री 1008 स्वामी अनिरुद्धवन महाराज द्वारा 11 से 18 अगस्त तक शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है.